## उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले विद्यार्थियों का सम्मान 11 को

**जननायक | निम्बाहेड़ा।** आगामी 11 अगस्त को रज़ा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी उपखण्ड क्षेत्र में निवासरत माइनोरिटी वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा जिसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। रज़ा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद फारूक ने बताया कि 11 अगस्त रविवार को स्थानीय मेव जमात खाना में प्रातः 9 बजे पूर्व सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्थान हज कमेटी अध्यक्ष अमीन कागजी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में माइनोरिटी वर्ग के कक्षा 10, 12, ग्रेजुएशन, डिग्री, डिप्लोमा परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शाने-शहर, रोनके-शहर और मैकश अजमेरी उर्दू अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण समिति की बैठक

## एससी एसटी प्रकरणों में जल्द चालान पेश कर निस्तारण करें: आलोक रंजन



**जननायक | चित्तौड़गढ़।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आलोक रंजन की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत रजिस्ट्रीकृत मामलों की स्थिति के पुनर्विलोकन के लिए मासिक बैठक मंगलवार को आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित लम्बित जिन प्रकरणों में चालान पेश नहीं हुए है उनमें पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाकर शीघ्र चालान पेश करने एवं लम्बित पुराने प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित प्रकरणों में सजायाबी प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु सम्बन्धित लोक अभियोजक को निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित पीड़ित को आर्थिक सहायता समय पर प्राप्त हो इस हेतु संबंधित को आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये।

उन्होंने बैठक में संशोधित अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों एवं विशिष्ट न्यायालय में लम्बित अभियोगों तथा नव-प्रस्तुत प्रकरणो एवं निस्तारित प्रकरणों की प्रगति की उपस्थित अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बैठक में जिला कलक्टर ने एफएसएल, डीएनए रिपोर्ट, फिंगर प्रिन्ट संबंधित न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, महिला यौन अपराध, पोक्सो एक्ट एवं एनडीपीएस के प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए उन्हें शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (भूअ), सुरेन्द्र सिंह पुरोहित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, उप निदेशक अभियोजन निर्लेप सक्सेना एवं विशिष्ट लोक अभियोजक, एससी/एसटी न्यायालय हंसराज रांकावत मौजूद रहे।

## औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर आयोजित



**जननायक | चित्तौड़गढ़।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, श्रम विभाग, महिला अधिकारिता विभाग व कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत विजयपुर में बुधवार को औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कुम्हारो हेतु माटी कला बोर्ड द्वारा निशुल्क इलेक्ट्रिक चाक, वर्मी कम्पोस्ट, वर्मीवाश, जैविक खाद, पोल्ट्री फार्मिंग, श्रमिकों के लिए ई-श्रम कार्ड, इंदिरा महिला शक्ति, राजश्री योजना की जानकारी के साथ मौके पर आवेदन पत्र तैयार करवाए गए। शिविर का आयोजन विजयपुर सरपंच श्याम लाल शर्मा की पहल पर किया गया, जिसमें उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न विभागों के समन्वय में सहायता के लिए प्रेरित किया। शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मोहित सिंह, मुकेश वरुण, डॉ. रतनलाल सोलंकी, संतोष शर्मा, माया सालवी उपस्थित रहे।

## प्रदेशाध्यक्ष राठौर के शपथ ग्रहण में भाग लेंगे जिले के कार्यकर्ता



**जननायक | चित्तौड़गढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौर के 3 अगस्त को भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सांसद जन सुनवाई केन्द्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक ने बताया कि बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष जाट ने कहा कि समारोह को लेकर जिले में भी जोर शोर से तैयारी की जा रही है। जाट ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देकर समारोह को सफल बनाने का आव्हान किया। बैठक में जिला महामंत्री रघु शर्मा, श्रवण सिंह राव, हर्षवर्धन सिंह रूद, जिला महामंत्री देवी सिंह राणावत, जिला मंत्री सीपी नामधराणी, गौरव त्यागी, संभाग सह मीडिया प्रभारी सुधीर जैन, जिला आईटी संयोजक नंद किशोर लौहार, जिला कोषाध्यक्ष हरीश ईनाणी, मंडल अध्यक्ष ज्योतिष पुरोहित, गोपाल चौबे, गोपाल राजोरा आदि उपस्थित थे।

## बजट में मांगों को शामिल करने से कर्मचारी महासंघ में हर्ष

**जननायक | चित्तौड़गढ़।** राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामस ने राज्य सरकार द्वारा जारी बजट को राष्ट्रहित, समाज हित और कर्मचारी हितैषी बताते हुए स्वागत किया।

महासंघ के प्रदेश मीडिया संयोजक आशीष त्रिवेदी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अरविंद व्यास के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के साथ वार्ता में प्रदेश महामंत्री राकेश शर्मा ने कर्मचारियों की समस्याओं व प्रमुख मांगों को बजट में जोड़ने कर समाधान करवाने के सुझाव प्रेषित किये थे। मुख्यमंत्री द्वारा जुलाई माह में प्रस्तुत बजट में महासंघ की कई मांगों को महत्व देते हुए बजट घोषणा में शामिल किया, इससे पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद व्यास ने कहा कि कर्मचारियों की मांगो पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए बजट में मुख्य रूप से कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की रिपोर्ट के आधार पर वेतन सुधार व वेतन विसंगति सम्बन्धी शेष सभी सिफारिशों को 1 सितम्बर 2024 से लागू करने की घोषणा, राजस्थान कॉन्ट्रैकचुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 के अन्तर्गत सृजित पदों के नियमित पदों में परिवर्तित किये जाने तथा उन पदों पर नियुक्ति हेतु 5 वर्ष के अनुभव की निर्धारित पात्रता अवधि में वर्ष 2024-25 में 2 वर्ष की छूट प्रदान करने, प्रदेश में अधिक आयु वाले पेंशनर्स को सम्बल देने की दृष्टि से पेंशनर्स को और राहत देते हुए 70 से 75 वर्ष के पेंशनर्स के लिए 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता दिये जाने, राज्य कर्मचारियों की ग्रेच्युटी की सीमा 20 से बढ़ाकर 25 लाख करने, आरजीएचएस में सरकारी कर्मचारियों को माता-पिता या सास-ससुर में से एक के इलाज का विकल्प चुनने का अवसर देने, आरजीएचएस के तहत सेवारत कर्मचारियों और पेंशनर्स को देय आउटडोर चिकित्सा सुविधा की राशि अब 30 हजार से बढ़ाकर की गई 50 हजार करने की घोषणा की गई। इससे लाखों सेवारत और सेवानिवृत कर्मचारियों को फायदा होगा।

इसके साथ ही केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के अनुरूप ही 1 अप्रेल 2024 के बाद कार्मिक की सेवा में रहते हुए हुए मृत्यु होने पर 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन दिए जाने की घोषणा पर महासंघ के जिलाध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिला महामंत्री भंवर सिंह मुरलिया, सेवा निवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शिव शंकर व्यास, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैरुलाल गंधर्व, संगठन मंत्री अशोक कोचिटा, उपाध्यक्ष राजेंद्र व्यास आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## जीएसएस भालूंडी की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**जननायक | भदेसर।** पंचायत समिति के भालूंडी ग्राम पंचायत क्षेत्र में नवीन ग्राम सेवा सहकारी समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। ग्राम पंचायत सरपंच नारायण सिंह गौड़ ने बताया कि उप रजिस्ट्रार सहकारी समिति चित्तौड़गढ़ के निरीक्षक देवेंद्र कुमार मीणा के निर्देशन में भालूंडी ग्राम सेवा सहकारी समिति की आम सभा आयोजित की गई। नवीन कार्यकारिणी का सर्व समिति से मनोनयन किया गया जिसमें हुकुम सिंह को अध्यक्ष, अनोपलाल रेबारी उपाध्यक्ष, रुप सिंह, माधु लाल, राम लाल, भंवर लाल, राम सिंह, सुल्तान सिंह, गोपाल सिंह, रामा नीलकमल एवं राधा को सदस्य मनोनीत किया गया। इस दौरान अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह नन्नाणा, जीएसएस व्यवस्थापक भंवर सिंह, व्यवस्थापक रणजीत सिंह, सह व्यवस्थापक महेंद्र सिंह एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिका मांगरोल जिला बारां (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.मा./2024/1363 दिनांक :- 30/07/2024

**निविदा सूचना वर्ष (2024-25)**

सक्षम उपर्युक्त श्रेणी में पंजीबद्ध फर्म/ठेकेदारों से बिड अधिशाषी अधिकारी से सम्बन्धित निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्य की अनुमानित लागत एवं डालने की दिनांक तथा निविदा खोलने की दिनांक, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राजस्थान लोक उपागम पोर्टल वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in के UBN no. DLB2425WSOB04525, DLB2425WSOB04526 पर देखी जा सकती है। NIB Code - DLB2425A1408

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मांगरोल

राज.संवाद/सी/24/3111



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि., खंड-लाखेरी**

क्रमांक: 545 दिनांक: 29.07.204

**निविदा सूचना संख्या 09/2024-25**
**NIB Code PWD2425A0948**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क एवं निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/ केंद्र सरकार के अधिकृत संगठनों/ केंद्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवम् दूर संचार विभाग/ रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जाएगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट www.dipronline.org व http://pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 08.08.2024 से 12.08.2024 को सायं 6 बजे तक।

UBN IS : (1) PWD2425WSOB03586 (2) PWD2425WSOB03587 (3) PWD2425WSOB03588 (4) PWD2425WSOB03589

- पी.आर. मीना
अधिशाषी अभियंता
सा.नि.विभाग खंड लाखेरी

DIPR/C/2024/6833


## भाजपा जिला महामंत्री शर्मा का जन्मदिन मनाया



**जननायक | चित्तौड़गढ़।** भाजपा जिला महामंत्री रघु शर्मा के अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गोशाला में गोसेवा की और पूजा अर्चना कर जिले की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर शर्मा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ गोशाला में गो माता को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया। इससे पूर्व सांसद जनसुनवाई केंद्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, श्रवण सिंह राव, संभाग सह मीडिया प्रभारी सुधीर जैन, जिला कोषाध्यक्ष हरीश ईनानी, हर्षवर्धन सिंह रूद, मनोज पारीक, गौरव त्यागी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष गोटूलाल सुथार, जिला आइटी संयोजक नंदकिशोर लोहार, चंदेरिया मंडल अध्यक्ष गोपाल राजोरा, गंगरार मंडल अध्यक्ष ज्योतिष पुरोहित आदि पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शर्मा का मुंह मीठा कराया।

## सुंदरकांड पाठ आज

**जननायक | चित्तौड़गढ़।** श्री बालाजी मेवाड़ मित्र मण्डल द्वारा गुरुवार सांय 7.30 बजे से जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम भैरुसिंहजी का खेड़ा स्थित श्रीचारभुजा मंदिर परिसर में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया जायेगा। संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ में संजय बंसल, दिनेश चन्द्र हेड़ा, विनायक उपाध्याय, विजय सिंह चौधरी, गोविन्द मुरोटिया, दुर्गा शंकर मेनारिया, अनिल अग्रवाल, कमलेश पुरोहित, ऋषि उपाध्याय, राजेन्द्र शर्मा, विजय शर्मा, मुकेश उपाध्याय, अनुराग काबरा, कमल तनवानी, राजू कंसल आदि अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## निम्बाहेड़ा में कन्या महाविद्यालय संचालन के आदेश जारी

**जननायक | निम्बाहेड़ा।** राजस्थान सरकार के परिवर्तित बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा नगर में कन्या महाविद्यालय खोलने की घोषणा के पश्चात इसके संचालन के संबंध में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय को नोडल महाविद्यालय नियुक्त किया है।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा आयुक्त ने एक आदेश जारी कर नगर में कन्या महाविद्यालय के संचालन के लिए स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को नोडल महाविद्यालय नियुक्त करते हुए अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने आदेश जारी करते हुए नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य को कन्या महाविद्यालय के अस्थायी संचालन के लिये जिला प्रशासन से सम्पर्क कर उपयुक्त अस्थाई भवन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, जिसमें 7 कमरे उपलब्ध हो।

इसके साथ ही आयुक्त ने नोडल महाविद्यालय को कन्या महाविद्यालय के निर्माण के लिए यूजीसी के मानदण्डानुसार उपयुक्त भूमि चिन्हित कर आवंटन प्रक्रिया आरम्भ करने के निर्देश दिए हैं। इस पर नोडल महाविद्यालय ने कार्यवाही करते हुए कन्या महाविद्यालय के अस्थाई संचालन तथा भूमि आवंटन को लेकर जिला कलक्टर को पत्र लिखकर प्रक्रिया आरम्भ कर दी है।

नगर में कन्या महाविद्यालय के इसी सत्र से संचालन प्रारंभ करने के निर्देश जारी होने पर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का आभार व्यक्त किया है।


**ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्ड्स्ट्रीज लिमिटेड**

CIN : L14101RJ1994PLC008930

पंजीकृत कार्यालय: आराजी न.1312, उदयपुर–भीलवाड़ा हाइवे, माताजी की पाण्डोली के पास, चित्तौड़गढ़ (राज.) 312001

E-mail: inanimarble@gmail.com

**सूचना**

सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली 2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक 12 अगस्त, 2024 सोमवार को 3.00 p.m कंपनी के पंजीकृत कार्यालय आराजी न. 1312, उदयपुर–भीलवाड़ा हाइवे, माताजी की पाण्डोली के पास, चित्तौड़गढ़ (राज.) 312001 में 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के अन–अंकेक्षित वितीय परिणामो पर विचार एवं अनुमोदन हेतु आयोजित की जाएगी। निवेशक कंपनी की वेब–साईट www.inanimarbles.com एवं www.bseindia.com पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते है।

मंडल के आदेशानुसार
बास्ते: ईनाणी मार्बल्स एण्ड इण्ड्स्ट्रीज लिमिटेड
Sd/-
मधु बाला शर्मा (कम्पनी सचिव)

सीन: चित्तौड़गढ़
दिनांक: 31.07.2024


## एबीवीपी की नगर इकाई की नवीन कार्यकारणी घोषित



**जननायक | गंगरार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक विपुल सिंह राणावत और जिला समिति सदस्य रतन चौधरी की उपस्थिति में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई।

नवीन कार्यकारिणी में नगर मंत्री देवेंद्र सिंह राठौड़, नगर संयोजक कुणाल व्यास, नगर सहमंत्री साक्षी गालव, कृतेश दाधीच, प्रांजल शर्मा, दीपांशु बरिया, सोशल मीडिया प्रमुख आशीष सोनी, एसएफडी प्रमुख प्रहलाद जाट, एसएफडी सहप्रमुख हर्षित पंचोली, नवीन बालोटिया, एसएफएस प्रमुख कुंदन कामड़, एसएफएस सहप्रमुख दीपेंद्र सिंह, छात्रा प्रमुख अंजली गालव, छात्रा सह प्रमुख सुजल शर्मा, विद्यालय संयोजक मोहित बरिया, विद्यालय सहसंयोजक मनीष बरिया, महाविद्यालय संयोजक जयवर्धन सिंह, महाविद्यालय सहसंयोजक शशांक मून्दडा को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। इस दौरान आकाश शर्मा और संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यक छात्रावास को लेकर शिविर आयोजित

**जननायक | चित्तौड़गढ़।** जिले में प्रारम्भ होने वाले अल्पसंख्यक बालक छात्रावास की जानकारी एवं सूचना के लिए अल्पसंख्यक विभाग द्वारा मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार में शिविर का आयोजन किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि अल्पसंख्यक बालक छात्रावास के प्रचार प्रसार के लिए कार्यालय की टीम ने मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार में शिविर का आयोजन कर बताया कि इस छात्रावास में स्कूल यूनीफॉर्म मय सिलाई, जूते-मौजे, तौलिया, जर्सी आदि की खरीद के लिए 2375 रुपए डीबीटी के माध्यम से छात्रों के बैंक खातों में दिए जाएंगे। इसके साथ ही आवास, भोजन, बिस्तर, सिर पर लगाने का तेल, नहाने व धोने का साबुन, अखबार एवं करंट अफेयर मैगजीन आदि सुविधा पूर्णतः निःशुल्क मिलेगी। इसके अलावा विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की गई।

## योग वेदांत सेवा समिति ने पाठ्य सामग्री वितरित की



**जननायक | गंगरार।** योग वेदांत सेवा समिति चित्तौड़ की महिला विंग अध्यक्षा अनीता शिंदे ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जलकी का खेड़ा पहुंचकर जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की। पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान शिंदे ने कहा कि जरुरतमंद की सेवा करना एवं उनका सहयोग करना ईश्वरीय कार्य है। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ सचिव भूरालाल शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या, स्वच्छता, नियमित अध्ययन तथा अनुशासन की सीख दी। इस दौरान संस्था प्रधान राजकुमारी व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शिक्षिका सुनीता नगर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक अभिषेक शर्मा, रीना प्रजापत, कुलविंदर कौर, पूजा मीना, सुमन, बेबी बेगम सहित ट्रेनिंग टीचर छात्र-छात्र व अभिभावक उपस्थित थे।

## रानी प्रधान ने दी ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

**जननायक | बिनोता।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलवा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ओडिसी नृत्यांगना संध्या रानी प्रधान ने अपनी प्रस्तुति देकर विद्यार्थियों का मनमोह लिया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली संस्था स्पिक मैके के सौजन्य से स्थानीय विद्यालय में ओडिसी की प्रसिद्ध नृत्यांगना संध्या रानी प्रधान ने विद्यालय में मंगलाचरण, कृष्ण लीला, शिव स्तुति का नृत्य के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया। इसके साथ ही उन्होने विद्यार्थियों को नृत्य की विभिन्न मुद्राओं के बारे में जानकारी देते हुए अभ्यास करवाया, प्रस्तुति से पूर्व संध्या रानी प्रधान का उपरना पहना कर स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय के व्याख्याता राजेश सुथार, दिनेश कुमावत, सुखपाल रावल, मंजुला जैन, मोहनलाल जाट, दीपक भट्ट, आदि मौजूद रहे।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू विज्ञान विभाग, चित्तौड़गढ़**

क्रमांक/खअ/चित्तौड/सीसी-सावा ओल्ड/2024-25/721 दिनांक 31.07.2024

**सूचना**

इस कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में स्थित खनन क्वारी क्षेत्र सावा ओल्ड में खनिज लाईमस्टोन (खण्डा फर्शी) के प्लॉट संख्या 163 श्री पोखर लाल मीणा पुत्र श्री केशुलाल मीणा निवासी रेल का अमराणा तहसील एवं जिला-चितौडगढ के पक्ष में स्वीकृत है। श्री पोखर लाल मीणा का निधन 09.03.2018 को हो जाने से उनकी वैधानिक उत्तराधिकारी श्रीमति गीता बाई (पत्नी) द्वारा दिनांक 12.07.2024 को कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त प्लॉट का नामांतरण स्वंय के पक्ष में कराने हेतु आवेदन किया है। इस संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में मय साक्ष्य के इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

(एहतेशाम सिद्धिकी)
खनि अभियंता,
चित्तौड़गढ़


## पशु प्रेमी संदेश यात्रा का हिन्दू संगठनों ने किया स्वागत





**जननायक | चित्तौड़गढ़।** गो-माता को राष्ट्र पशु घोषित करने की मांग को लेकर डिंपल भावसर व रवि भावसर द्वारा उदयपुर से दिल्ली के लिए निकाली जा रही साइकिल पशु प्रेमी संदेश यात्रा का यहां कलक्ट्रेट चौराहा पहुँचने पर विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गावाहीनी द्वारा स्वागत किया गया।

विहिप के नगर सहमंत्री अभिनन्दन काबरा ने बताया कि लगभग 800 किमी की साइकिल यात्रा पर निकले दोनों गो भक्तों का बुधवार को साढ़े 12 बजे कलक्ट्रेट चौराहे पर केसरिया उपरना ओढ़ा एवं पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभाग संयोजक योगेश दशोरा, जिला संयोजक मनोज साहू, विहिप सत्संग सहप्रमुख महावीर कीर, जिला सुरक्षा प्रमुख गोपाल छीपा, राकेश खाब्या, सपना कीर, नगर सहसंयोजक अमित, मुरली साहू, विजय जागेटियासहित कईं पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थत रहे। इसी प्रकार पशु प्रेमी संदेश यात्रा के यहां पहुंचने पर श्री संकल्प सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष शुभम सुखवाल, सचिव नंदकिशोर लोहार, सदस्य राहुल सिंह सोलंकी, मनोज पारीक, सुधीर जैन, घनश्याम लोट, अविनाश शर्मा, रामलाल रायका, पवन सेन सहित संस्थान के पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

### अरबन कॉ-ऑपरेटिव बैंक ने किया स्वागत

गोमाता को राष्ट्र माता बनाने के संकल्प के साथ उदयपुर से दिल्ली तक की साइकिल यात्रा पर निकली एनीमल फीड उदयपुर की संस्थापक और राष्ट्र सेविका समिति की सक्रिय कार्यकर्ता डिम्पल भावसार के बुधवार को यहां पहुंचने चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक परिवार की ओर से स्वागत किया। यात्रा के माध्यम से गोवंश की रक्षा व पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा भी प्रदान की जा रही है।

बैंक की पूर्व अध्यक्ष एवं निदेशक विमला सेठिया ने साइकिल यात्री डिम्पल भावसार का स्वागत करते हुए उनकी यात्रा को सफलता के लिए मंगलकामना की।

बैंक की प्रबन्ध निदेशक वंदना वजीरानी ने बैंक की ओर से सामाजिक क्षेत्र में दी जा रही सेवाओं व विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बैंक के महाप्रबंधक दिनेश खण्डेलवाल, राजेश अवस्थी, अनिरूद्ध मालू, राकेश दशोरा, अभिषेक टेलर, अंकित श्रीवास्तव आदि उपस्थित। साइकिल यात्री भावसार ने सभी बैंक कर्मियों को एक-एक पौधा प्रदान कर उसे वृक्ष में बदलने का संकल्प दिलाया।

## सेवानिवृत्ति पर विद्यालय में 51 हजार का चेक भेंट



**जननायक | गंगरार।** उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तुम्बड़िया के अर्थशास्त्र के व्याख्याता रामेश्वर लाल जाट ने अपनी सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय विकास लिए प्रधानाचार्य सोहन लाल चौधरी को 51 हजार रुपए का चेक सौंपा। जानकारी के अनुसार व्याख्याता रामेश्वर लाल जाट की सेवानिवृति के उपलक्ष में सरपंच प्रतिनिधि एवं भामाशाह रतनलाल धाकड़ के मुख्य आतिथ्य, नारूलाल के विशिष्ट आतिथ्य एवं पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सोहनलाल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान सेवानिवृत व्याख्याता जाट ने प्रधानाचार्य को विद्यालय विकास के लिए 51 हजार रुपये राशि का चेक भेंट किया। इस दौरान अतिथियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा व्याख्याता जाट को माला एवं पगड़ी पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ इत्यादि मौजूद रहे।


**पश्चिम मध्य रेल**

ई–निविदा सूचना सिविल इंजीनियरिंग
संख्या–डब्ल्यू/623/15 दिनांक: 29.07.2024

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवम उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई.निविदा आमन्त्रित करते है। टेंडर सख्याँ: 136/2024, कार्य का विवरण: सेवर (एसड़वल्यूएआर) सप्लाई ऑफ क्लीन पोटेवल वाटर पर डे 25000 लीटर एट एसड़वल्यूएआर स्टेशन (फॉर 730 डेज), अनुमानित लागत: 682185.00, बयाना राशि: 13700.00, टेंडर सख्याँ: 137/2024, कार्य का विवरण: कोटा डिविजन कन्सट्रक्शन ऑफ एस एण्ड टी सर्विस बिल्डिंगस रिले रूम, आईपीएस रूम, बैट्री रूम, एण्ड ईएसएम ड्यूटी रूम विद ईएसएम स्टोर रूम, इन कनेक्शन विद प्रोविजन ऑफ इलेक्ट्रोनिक इन्टरलोकिंग एण्ड रिपलेसमेंट ऑफ इनडोर सिगलनिंग गीयरस ऑन एज–कम कनड़िशन बेसिस फोर एन्शोरिंग सेफटी ऑफ ट्रेनस एट 04 स्टेशनस (पिंगोरा, सेवर, जाजनपट्टी एण्ड मुरेसी रामपुर इन जूरिसडिक्शन ऑफ डीईएन/नार्थ सेक्शन), अनुमानित लागत: 12265007.19, बयाना राशि: 211300.00, टेंडर सख्याँ: 138/2024, कार्य का विवरण: कोटा डिविजन रिपेयर्स टू एग्जिस्टिंग शेड़ विद प्रोविजन ऑफ ऑल साइड़ कवरिंग, रिपेयर्स टू पाथवेज, प्रोवाइड़िग फॉल्स सिलिंग एण्ड अदर मिसलेनियस वर्कस एट स्काउट एण्ड गाइड़ ऑफिस., अनुमानित लागत: 1305168.29, बयाना राशि: 26100.00, टेंडर सख्याँ: 139/2024, कार्य का विवरण: कोटा डिविजन कन्सट्रक्शन ऑफ एस एण्ड टी सर्विस बिंल्डिगस रिले रूम, आईपीएस रूम, बैट्री रूम, एण्ड ईएसएम ड्यूटी रूम विद ईएसएम स्टोर रूम, इन कनेक्शन विद प्रोविजन ऑफ इलेक्ट्रोनिक इन्टरलोकिंग एण्ड रिपलेसमेंट ऑफ इनडोर सिगलनिंग गीयरस ऑन एज–कम कनड़िशन बेसिस फोर एन्शोरिंग सेफटी ऑफ ट्रेनस एट 03 स्टेशनस (निकमगढ़ आलोट, मोरक, अलनिया इन जूरिसडिक्शन ऑफ डीईएन/साउथ सेक्शन)., अनुमानित लागत: 9198755.40, बयाना राशि: 184000.00, टेंडर संख्याँ: 140/2024, कार्य का विवरण: कोटा–गंगापुर सेक्शन बैंलेंस वर्क ड्रेनेज इम्प्रुवमेंट फॉर एलएचएस एट एलसी न०: 129, 140, 142, 143, 145, 150, 153, 155 एण्ड 157 अण्डर एडीईएन– सवाईमाधोपुर, अनुमानित लागत: 13020057.73, बयाना राशि: 215100.00, टेंडर सख्याँ: 141/2024, कार्य का विवरण: नागदा कोटा सेक्शन टीड़ब्लयूआर 127.662 कि.मी, अनुमानित लागत: 143418062.78, बयाना राशि: 867100.00, टेंडर सख्याँ: 142/2024, कार्य का विवरण: कोटा – मथुरा एण्ड़ कोटा चित्तौड़ सेक्शन टीड़ब्लयूआर 90.171 कि.मी, अनुमानित लागत: 102310468.90, बयाना राशि: 661600.00, उपरोक्त सभी निविदाओं में निविदा भरने की अन्तिम तिथि एवं समय: 21.08..2024 को 15.30 घंटे पर। पूर्ण विवरण वेवसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई. निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम गध्य रेलवे, कोटामण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई. निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जाऐंगे। ई. निविदा के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से टेण्डर ऑफर स्वीकार नहीं किये जाऐंगे ।

वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर